इस्पात मंत्रालय

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 4008

2 मई, 2013 को उत्तर के लिए

देश में इस्पात का कुल उत्पादन

4008. श्री रामचन्द्र खूंटिआ:

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) हमारे देश में इस्पात का कुल उत्पादन कितना है;

(ख) क्या विश्व में इस्पात का सबसे बड़ा उत्पादक चीन है;

(ग) इन उद्योगों में चीन के साथ मुकाबला करने के लिए क्या कार्यनीति तैयार की गई है; और

(घ) बारहवीं पंचवर्षीय योजना में देश में कितना इस्पात-उत्पादन का लक्ष्य है ?

उत्तर

इस्पात मंत्री (श्री बेनी प्रसाद वर्मा)

(क): भारत में वर्ष 2012-13 में क्रूड इस्पात का उत्पादन लगभग 78.31 मिलियन टन होने का अनुमान है।

(ख) जी, हाँ।

(ग) इस्पात आउटपुट/उत्पादन की मात्रा में भारत और चीन के मध्य सीधी स्पर्धा नहीं है।

(घ) 12वीं पंचवर्षीय योजना के लिए कार्यकारी समूह की रिपोर्ट में 2016-17 तक 128.1 एमटी क्रूड स्टील के उत्पादन का अनुमान लगाया गया है।

****